**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1043**

**जिसका उत्तर 27 जून, 2019 को दिया जाना है ।**

**उदय की स्थिति**

**1043. श्री अनिल फिरोजियाः**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिकः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार की उज्ज्वल विद्युत वितरण कंपनी आश्वासन योजना (उदय) की क्या स्थिति है;

(ख) उक्त योजना के तहत गत पांच वर्षों के दौरान राज्य सरकारों द्वारा संचित लाभ का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के तहत राज्य सरकारों से कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री आर. के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** भारत सरकार ने 20.11.2015 को उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) की शुरुआत की है। अब तक 27 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों (यूटीज) अर्थात आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, बिहार, छत्तीसगढ़, दादरा व नगर हवेली, दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, मणिपुर, मध्य प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, पुडुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड ने अपनी विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) के साथ उदय के अंतर्गत भागीदारी के लिए भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। उदय के अंतर्गत भागीदार राज्यों द्वारा 2.32 लाख करोड़ रुपये के बॉण्ड जारी किए हैं।

उदय पोर्टल पर राज्यों द्वारा डाले गए आंकड़ों के अनुसार, राज्य विद्युत वितरण यूटिलिटियों ने अनेक पैरामीटरों में अपने कार्यनिष्पादन में सुधार की सूचना दी है, जैसा कि (i) समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानियों का राष्ट्रीय औसत वित्तीय वर्ष 2015-16 में 20.80% से घटकर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 18.76% तक हो गया है और (ii) आपूर्ति की औसत लागत (एसीएस) - वसूल किया गया औसत (एआरआर) अंतर वर्ष 2015-16 में 60 पैसे प्रति यूनिट से घटकर वर्ष 2017-18 में 17 पैसे प्रति यूनिट रह गया है। राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध-I व II** में दिए गए हैं।

**(ग) और (घ) :** उदय एक सुधार आधारित कार्यक्रम है जिसमें राज्य स्वेच्छा से सम्मिलित हुए हैं, इसलिए, उदय के अंतर्गत भागीदार राज्यों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

********

**<u>अनुबंध-I</u>**

**लोक सभा में दिनांक 27.06.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1043 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

********

| एटीएंडसी हानि उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा (प्रतिशत में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **मानदंड** | **यूनिट** | **आधार वर्ष आंकड़े (2015-16)** | **उपलब्धि 2016-17** | **उपलब्धि 2017-18** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | (% में) | 9.41 | 10.96 | 8.69 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | (% में) | 64.27 | 35.88 | 65.45 |
| 3 | असम | (% में) | 25.51 | 23.81 | 15.71 |
| 4 | बिहार | (% में) | 43.74 | 38.97 | 33.19 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | (% में) | 21.79 | 19.34 | 18.8 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली | (% में) | – | 9.23 | 6.09 |
| 7 | दमन और दीव | (% में) | 13.25 | 10.65 | 10.34 |
| 8 | गोवा | (% में) | 17.12 | 16.79 | 16.12 |
| 9 | गुजरात | (% में) | 15.04 | 12.28 | 11.71 |
| 10 | हरियाणा | (% में) | 29.83 | 25.43 | 20.29 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | (% में) | 12.92 | 8.48 | 12.14 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | (% में) | 61.6 | 61.34 | 53.78 |
| 13 | झारखंड | (% में) | 34.71 | 31.8 | 31.78 |
| 14 | कर्नाटक | (% में) | 14.94 | 15.36 | 14.48 |
| 15 | केरल | (% में) | 16.03 | 17.28 | 12.05 |
| 16 | मध्य प्रदेश | (% में) | 23.97 | 26.53 | 29.74 |
| 17 | महाराष्ट्र | (% में) | 19.07 | 18.88 | 17.41 |
| 18 | मणिपुर | (% में) | 44.21 | 36.89 | 24.61 |
| 19 | मेघालय | (% में) | 36.48 | 34.87 | 34.64 |
| 20 | पुडुचेरी | (% में) | 19.88 | 18.98 | 19.56 |
| 21 | पंजाब | (% में) | 15.9 | 14.46 | 17.26 |
| 22 | राजस्थान | (% में) | 30.41 | 26.02 | 20.02 |
| 23 | सिक्किम | (% में) | 38.06 | 40.59 | 32.57 |
| 24 | तमिलनाडु | (% में) | 14.58 | 14.53 | 14.23 |
| 25 | तेलंगाना | (% में) | 13.95 | 15.88 | 13.5 |
| 26 | त्रिपुरा | (% में) | 20.94 | 16.61 | 15.52 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | (% में) | 26.47 | 30.21 | 27.67 |
| 28 | उत्तराखंड | (% में) | 17.19 | 14.02 | 15.73 |
| | **उदय राज्यों का औसत** | (% में) | **20.8** | **20.25** | **18.76** |

***(स्रोत: उदय पोर्टल)***

********

**<u>अनुबंध-II</u>**

**लोक सभा में दिनांक 27.06.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1043 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

***********

| एसीएस-एआरआर अंतर उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा (रु./यूनिट में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | यूनिट | **आधार वर्ष आंकड़े (2015-16)** | **उपलब्धि 2016-17** | **उपलब्धि 2017-18** |
| **1** | आंध्र प्रदेश | रु./यूनिट | 0.82 | 0.44 | 0.02 |
| **2** | अरुणाचल प्रदेश | रु./यूनिट | 3.76 | 5.22 | 4.32 |
| **3** | असम | रु./यूनिट | 0.58 | 0.3 | 0.43 |
| **4** | बिहार | रु./यूनिट | 0.65 | 0.59 | 0.39 |
| **5** | छत्तीसगढ़ | रु./यूनिट | 0.18 | -0.15 | -0.03 |
| **6** | दादरा और नगर हवेली | रु./यूनिट | – | 0.27 | 0.06 |
| **7** | दमन और दीव | रु./यूनिट | -0.11 | -0.11 | -0.02 |
| **8** | गोवा | रु./यूनिट | 1.5 | 0.95 | 0.41 |
| **9** | गुजरात | रु./यूनिट | -0.02 | -0.03 | -0.04 |
| **10** | हरियाणा | रु./यूनिट | 0.18 | 0.04 | -0.02 |
| **11** | हिमाचल प्रदेश | रु./यूनिट | -0.32 | 0.21 | -0.09 |
| **12** | जम्मू और कश्मीर | रु./यूनिट | 2.55 | 2.15 | 1.96 |
| **13** | झारखंड | रु./यूनिट | 1.22 | 1.39 | 0.57 |
| **14** | कर्नाटक | रु./यूनिट | 0.06 | 0.06 | 0.07 |
| **15** | केरल | रु./यूनिट | 0.23 | 0.53 | 0.27 |
| **16** | मध्य प्रदेश | रु./यूनिट | 0.92 | 0.24 | 0.33 |
| **17** | महाराष्ट्र | रु./यूनिट | 0.3 | 0.28 | -0.07 |
| **18** | मणिपुर | रु./यूनिट | 1.31 | 0.1 | 0.08 |
| **19** | मेघालय | रु./यूनिट | 0.88 | 1.99 | 1.3 |
| **20** | पुडुचेरी | रु./यूनिट | 0.03 | -0.11 | 0 |
| **21** | पंजाब | रु./यूनिट | 0.53 | 0.65 | 0.48 |
| **22** | राजस्थान | रु./यूनिट | 1.65 | 0.36 | -0.33 |
| **23** | सिक्किम | रु./यूनिट | 7.96 | 4.62 | 6.93 |
| **24** | तमिलनाडु | रु./यूनिट | 0.6 | 0.39 | 0.28 |
| **25** | तेलंगाना | रु./यूनिट | 0.69 | 1.24 | 0.55 |
| **26** | त्रिपुरा | रु./यूनिट | 0.24 | 0.02 | 0.08 |
| **27** | उत्तर प्रदेश | रु./यूनिट | 0.88 | 0.62 | 0.28 |
| **28** | उत्तराखंड | रु./यूनिट | 0.1 | 0.22 | 0.17 |
| | **उदय राज्यों का औसत** | **रु./यूनिट** | **0.60** | **0.42** | **0.17** |

***(स्रोत: उदय पोर्टल)***

***********